**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1336**
**उत्तर देने की तारीख 25.07.2022**

# चार वर्षीय अवर स्नातक कार्यक्रम

**†1336. श्री पशुपति नाथ सिंहः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास नई शिक्षा नीति की शुरुआत से केंद्रीय विश्वविद्यालय और राज्य विश्वविद्यालयों में चार वर्षीय अवर स्नातक कार्यक्रम शुरू करने का कोई प्रस्ताव है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या उद्देश्य हैं;
(ग) उक्त प्रस्ताव को सभी विश्वविद्यालयों में कब तक लागू किए जाने की संभावना है;
(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में सभी राज्यों में और अन्य हितधारकों के साथ इस तरह के कार्यक्रम को शुरू करने के लिए परामर्श किया है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुभाष सरकार)**

(क) से (ङ): राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 में परिकल्पना की गई है कि स्नातक की डिग्री या तो तीन या चार साल की अवधि की होगी और इस अवधि के भीतर उपयुक्त प्रमाणपत्रों के साथ बहु-निकास विकल्प होंगे, उदाहरणार्थ व्यावसायिक और प्रोफेशनल क्षेत्रों सहित किसी विषय या क्षेत्र में एक वर्ष पूरा करने के बाद एक प्रमाण पत्र, अथवा दो वर्ष के अध्ययन के बाद एक डिप्लोमा, अथवा तीन वर्ष के कार्यक्रम के बाद स्नातक की डिग्री प्रदान की जाएगी। तथापि, चार वर्षीय बहु-विषयक स्नातक कार्यक्रम पसंदीदा विकल्प होगा जैसा कि यह छात्रों को अपने विकल्प के अनुसार चयनित मुख्य और गौण विषय पर ध्यान देने के साथ-साथ समग्र और बहु-विषयक शिक्षा के एक बड़े क्षेत्र का अनुभव लेने के अवसर प्रदान करेगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सूचित किया है कि एनईपी, 2020 के उपरोक्त के कार्यान्वयन के लिए, यूजीसी ने छात्रों को कला मानविकी, भाषाएं, प्राकृतिक विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, सॉफ्ट स्किल्स जैसे जटिल समस्या समाधान, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मक सोच, संचार कौशल के साथ-साथ एक या अधिक विषय क्षेत्रों में कड़ी मेहनत के साथ प्राप्त की गई विशेषज्ञता क्षेत्रों में क्षमता युक्त बनाने के लिए चार साल के स्नातक कार्यक्रमों के लिए मसौदा पाठ्यचर्या ढांचा और एक क्रेडिट प्रणाली विकसित की है। यूजीसी ने हितधारकों से सुझाव लेने के लिए चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के लिए मसौदा पाठ्यचर्या ढांचे और क्रेडिट प्रणाली को सार्वजनिक डोमेन में रखा है। उपयुक्त सुझावों को शामिल करने हुए मसौदे को संशोधित किया गया है।

*****